# 2021

( Held in 2022 )

# HINDI

Paper : HIN-HC-3016

**( छायावादोत्तर हिन्दी कविता )**

( Honours Course )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) अज्ञेय मूलतः किस काव्य-धारा से जुड़े हुए कवि हैं?

(ख) 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन-काल क्या है?

(ग) 'चन्द्र गहना से लौटती बेर' शीर्षक कविता के रचयिता का नाम क्या है?

(घ) 'आत्महत्या के विरुद्ध' किस कवि की कृति है?

(ङ) "कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद।" यह काव्य-पंक्ति किस कविता में आयी है?

(च) कवि केदारनाथ अग्रवाल ने माँझी से बंशी न बजाने का आग्रह क्यों किया है?

(छ) 'बाबा', 'यात्री'—जैसे उपनामों से हिन्दी का कौन-सा कवि विभूषित है?

(ज) 'दिनकर' किस आधुनिक काव्य-धारा के कवि हैं?

(झ) माखनलाल चतुर्वेदी को किस काव्य-कृति पर 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार प्राप्त हुआ था?

(ञ) कविवर अज्ञेय का जन्म किस ईस्वी को हुआ था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) "तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान।"

कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

(ख) "सृष्टि के विस्तार का...
ऐश्वर्य का
औदार्य का...
कहीं सच्चा, कहीं प्यारा
एक प्रतीक,
बिछली घास है।"

'बिछली घास' को देखकर कवि के मन में कौन-सा भाव उभरकर आया है?

(ग) "बूँद टपकी एक नभ से;
किसी ने झुककर झरोखे से; कि जैसे हँस दिया हो।"

नभ से एक बूँद टपकने से कवि के मन में कौन-सी अनुभूति उदित होती है?

(घ) "जब भी
भूख से लड़ने
कोई खड़ा हो जाता है
सुन्दर दीखने लगता है।"

कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना को जीव-जगत् की ऐसी तसवीर किसलिए सुंदर लगती है?

(ङ) कवि गिरिजा कुमार माथुर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'कैदी और कोकिला' शीर्षक कविता के जरिए दिये गये संदेश को रेखांकित कीजिए।

(ख) "है गीत बेचना, वैसे बिलकुल पाप;
क्या करूँ, मगर लाचार हार कर
गीत बेचता हूँ।"

इन काव्य-पंक्तियों में निहित व्यंजना को स्पष्ट कीजिए।

(ग) कवि के सौन्दर्यप्रेमी मन ने घिरते हुए बादलों के सौन्दर्य में क्या-क्या देखा है? पठित कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(घ) "लोगों में श्रेष्ठ लोगों! मुझे माफ़ करो,
मैं तुम्हारे साथ आ नहीं सकता।"

कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

(ङ) "ये उपमान मैले हो गये हैं।
देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच।"

इन काव्य-पंक्तियों का आशय बताइए।

(च) केदारनाथ अग्रवाल की काव्य-भाषा पर टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

**4.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

देखता हूँ मैं : स्वयंवर हो रहा है,
प्रकृति का अनुराग-अंचल हिल रहा है
इस विजन में,
दूर व्यापारिक नगर से
प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है।

**अथवा**

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : $10 \times 3 = 30$

(क) 'आज हैं केसर रंग रँगे वन' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखिए।

(ख) 'हिमालय' कविता में निहित स्वातंत्र्य-चेतना के आह्वान पर प्रकाश डालिए।

(ग) पठित कविता के आधार पर पुष्प की अभिलाषा का खुलासा कीजिए।

(घ) भवानीप्रसाद मिश्र की काव्यगत विशेषताओं पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(ङ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना द्वारा विरचित 'दुख' शीर्षक कविता के भाव एवं कलापक्षीय सौन्दर्य का आकलन कीजिए।

(च) 'हँसो हँसो जल्दी हँसो' की काव्य-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

★★★